**खबर संक्षेप**

## माँ नर्मदा की पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए राज्यपाल

**मण्डला।** मंगलवार को राज्यपाल मंगू भाई पटेल माँ नर्मदा तट के माहिष्मती घाट पर भव्य पंच चौकी महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने तट पर प्रदेशवासियों की मंगल कामना के साथ श्री नर्मदा पूजन कर मां नर्मदा का दुग्ध अभिषेक किया। राज्यपाल श्री पटेल, मंत्री श्रीमती उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने दीपदान किया। इसके पश्चात रूद्राष्टक पाठ हुआ, तत्पश्चात नर्मदाष्टक का पाठ किया गया। इसके बाद समवेत स्वर में माँ नर्मदा की आरती की गई। महाआरती के पश्चात नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट की ओर से कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं प्रफुल्ल मिश्रा ने राज्यपाल श्री पटेल को दुपट्टा भेंट कर नर्मदा तट पर उनका अभिनंदन किया। स्मृतिचिन्ह के रूप में मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर श्री मिश्रा ने राज्यपाल को माँ नर्मदा का छायाचित्र भेंट किया।

## मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह का मंडला भ्रमण कार्यक्रम

**मण्डला।** जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 20 अगस्त को मंडला आएंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:30 बजे राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के साथ मंडला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे सेमरखापा से ग्राम झोल जिला सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 4 वर्ष से भटक रहा पीड़ित, नहीं हुई कोई कार्यवाही

# दबंगता के साथ किया कब्जा

*** थाने में भी हुई शिकायत, नहीं मिला न्याय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

वर्ष 2017 में एक व्यक्ति प.ह.नं. 31 खसरा नम्बर 735/1/ख, रकबा 0.060 हेक्टेयर में बने कच्चे मकान एवं बाड़ी क्रय करता है उस कब्जे पर उपरोक्त भूमि का उपयोग व उपभोग कर रहा था कि लॉकडाउन के दौरान स्थानीय व्यक्ति द्वारा एकान्त का फायदा उठाकर उक्त कब्जे के सामने पहले निर्माण सामग्री डाली गई फिर धीरे से कच्चे निर्माण का ताला तोड़ा एवं अपना ताला डाल दिया और फिर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो फिर उक्त झोपड़ी को एवं बाड़ी तोड़कर अपना पक्का निर्माण करना प्रारंभ कर दिया। लॉकडाउन के बाद जब कब्जाधारी को इसकी जानकारी लगी तो उसने अतिक्रमणकर्ता से एतराज जताया जिस पर अतिक्रमणकर्ता धरमू कछवाहा एवं उसके बेटे कपिल कछवाहा द्वारा गाली गलोंच की गई और मारने की धमकी भी दी गई जिसकी शिकायत कब्जाधारी द्वारा वर्ष 2021 में महाराजपुर थाना प्रभारी को की गई एवं राजस्व विभाग में भी तहसीलदार कार्यालय में इसकी शिकायत की गई लेकिन किसी तरह की कोई कार्यवाही अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध नहीं की गई।

कार्यवाही न होते देख अतिक्रमणकर्ता का हौंसला बढ़ता गया और उसने बिना किसी प्रमाण के अपने धन-बल के प्रयोग से उक्त कब्जे में न केवल बिजली कनेक्शन लिया बल्कि नल कनेक्शन भी लगवा लिया। राजस्व विभाग द्वारा लॉकडाउन का बहाना बताकर कार्यवाही करने से फिलहाल इन्कार किया गया। लगातार बढ़ते अतिक्रमण के चलते लॉकडाउन के बाद वर्ष 2023 में पुनः चौकी प्रभारी हिरदेनगर थाना महाराजपुर को शिकायत की गई इसके बावजूद न तो पीड़ित को न्याय प्रदान किया गया और न ही अतिक्रमणकर्ता पर कोई कार्यवाही की गई।





### सीएम हेल्पलाईन में भी की गई शिकायत

पीड़ित को जब न तो राजस्व विभाग से और न ही पुलिस की ओर कोई सहयोग एवं न्याय मिला तो थक-हारकर शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाईन में अपनी शिकायत दर्ज कराई जैसे ही सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज हुई वैसे ही राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शिकायतकर्ता पर शिकायत वापिस लेने का दबाव बनाने लगे जब शिकायकर्ता द्वारा बिना किसी समाधान के शिकायत वापिस लेने से इन्कार किया गया तो फिर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुये भावनात्मक रूप से पीड़ित को अपने पक्ष में लेते हुये शिकायत वापिस कराई और एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही करने का वादा किया लेकिन जैसे ही सीएम हेल्पलाईन की शिकायत पीड़ित द्वारा वापिस ली गई वैसे ही राजस्व विभाग ने पीड़ित की ओर न तो ध्यान दिया और न ही शिकायत के आधार पर अतिक्रमणकारी पर कोई कार्यवाही की गई।

पीड़ित द्वारा लगातार राजस्व विभाग के अधिकारियों से अनुनय-विनय करना जारी रखा गया इसके बावजूद व्यस्तता का बहाना बनाकर आज तक किसी तरह की न तो कार्यवाही की गई, न ही किसी तरह का कोई नोटिस अतिक्रमणकारी को देना सार्वजनिक किया गया और न ही अतिक्रमण को हटाया गया।

आखिर न्यायालय के माध्यम से नियमतः क्रय किया गया कब्जा जिस पर पीड़ित का उपयोग हो रहा था उसे खाली देख अतिक्रमणकर्ता द्वारा दिलेरी के साथ दूसरे के मकान का ताला तोड़कर अपना कब्जा जमाना, दूसरे का निर्माण तोड़ देना और अपना पक्का निर्माण कर लेना यह सब होता रहा और विभाग है कि मूकदर्शक बना रहा।

## 2 अधीक्षक निलंबित एवं प्राचार्य के निलंबन का भेजा गया प्रस्ताव



*** स्टाफ नर्स की सेवा की गई समाप्त।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय निवास पिपरिया में निवासरत विद्यार्थियों के दिनांक 15.8.2025 को सामूहिक रूप से स्वास्थय खराब होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर मण्डला के द्वारा संस्था की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध निवासए ब्लाक मेडिकल ऑफिसर निवास एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी निवास को निर्देशित करने परए जांच अधिकारी संयुक्त रूप से दिनांक 16.08.2025 को उक्त संस्था में उपस्थित होकर बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कराने पर 07 छात्राऐं एवं 08 छात्रों का सर्दी जुकाम एंव वायरल फिवर होने पर जिला चिकित्सालय मण्डला में भर्ती कराया गया तथा 01 छात्रा कु0शिल्पा मरावी को तेज बुखार एंव बेहोशी के कारण प्राथमिक उपचार के पश्चात दिनांक 16.08.2025 को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रिफर किया गया तथा छात्रा का ईलाज परिजनों की उपस्थिति में कराने तथा स्वास्थ में सुधार न होने के कारण परिजनों के द्वारा छात्रों को ईलाज हेतु नागपुर ले जाने पर ईलाज के दौरान दिनांक 18.08.2025 को छात्रा कु शिल्पा मरावी की मृत्यु हो गई। संस्था के प्राचार्य एवं अधीक्षक के द्वारा विभागीय अधिकारीयों को घटना की सूचना तत्काल न देने एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहकर संस्था में नियमित स्वास्थ परीक्षण न कराने पर संस्था प्राचार्य श्रीमति मोनिका रोहिलाए अधीक्षक-अधीक्षिका एवं संबंधित स्टाफ नर्स के विरूद्व निलंबन कार्यवाही के प्रस्ताव कलेक्टर के द्वारा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल की ओर प्रेषित किये जाने पर आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के द्वारा संस्था में कार्यरत श्रीमति पूनम देवी अधीक्षका एवं संजीव कुमार राठी अधीक्षक को दिनांक 19.08.2025 को निंलबित करके मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला निर्धारित किया गया है। साथ ही श्रीमति सुरसरी अंजली सैयाम स्टाफ नर्स आउटसोर्स की सेवाएं समाप्त करने निर्देशित किया है एवं प्राचार्य श्रीमती मोनिका रोहिला, कलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय निवास (पिपरिया) के विरूद्व निलंबन कार्यवाही के प्रस्ताव आयुक्त राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली को भेजे गए है।

## पंतजलि कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे स्वामी परमार्थ देव जी बेहतर स्वास्थ्य की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में जिला इकाई मंडला भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मंडला, पतंजलि भारत स्वाभिमान किसान संघ एवं महिला योग समिति द्वारा एक दिवसीय योग, आयुर्वेदिक, स्वदेशी जागरण एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के परम शिष्य स्वामी परमार्थ देव जी का मंडला नगर में गरिमामय आगमन हुआ। स्वामी जी का सर्वप्रथम स्वागत कटरा बायपास में समाजसेवी नीरज अग्रवाल एवं पंतजलि समिति के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर किया और यहां से ढोल धमाकों के साथ योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के परम शिष्य स्वामी परमार्थ देव जी को कार्यक्रम स्थल लागया। जिला



मुख्यालय स्थित सत्कार सेलीब्रेशन में स्वामी परमार्थ देव जी का स्वागत अत्यंत ऐतिहासिक अंदाज में किया गया। ज्ञानदीप स्कूल के स्काउट-गाइड छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। वहीं महिला योग समिति ने पुष्पवर्षा कर स्वागत कर माहौल को आध्यात्मिक और भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मंच पर कई प्रख्यात विद्वान और संतजन विराजमान रहे। जिनमें पंडित नीलू महाराज, पंडित रामनाथ शास्त्री, आचार्य भीम देव, साध्वी मनीषा नंद, पतंजलि राज्य प्रभारी भगत सिंह, पतंजलि किसान समिति से मुन्नी लाल यादव, भारत स्वाभिमान से करण सिंह और मप्र पतंजलि युवा प्रभारी अनिल सेन प्रमुख रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके, टिकरवाड़ा की सरपंच श्रद्धा कुर्वेती, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा और उमेश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में योग, आयुर्वेद, स्वदेशी अपनाने और कार्यकर्ता संगठनात्मक मजबूती पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद को घर-घर तक पहुँचाने का लक्ष्य हर कार्यकर्ता का होना चाहिए। यह आयोजन मंडला जिले के लिए गौरवपूर्ण रहा जहाँ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह सम्मेलन न केवल पतंजलि कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धन का माध्यम बना बल्कि जिले में योग और स्वदेशी आंदोलन को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ। स्वामी परमार्थ देव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। योग और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। यदि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे तो न केवल स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि राष्ट्र की आर्थिक शक्ति भी मजबूत होगी। हर कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह गांव-गांव, घर-घर जाकर योग और आयुर्वेद का प्रचार करे। उन्होंने आगे कहा कि आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो तन-मन से स्वस्थ हों और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें। पतंजलि का उद्देश्य यही है कि भारत फिर से विश्वगुरु बने। इस दौरान स्वामी परमार्थ देव ने मंडला की जनता की गर्मजोशी और स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले के लोग न केवल आध्यात्मिकता में बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना में भी आगे हैं।

## सांदीपनि स्कूल चिरईडोंगरी में आयोजित हुई राज्यपाल की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्यपाल मंगू भाई छगन भाई पटेल मण्डला प्रवास के दौरान मंगलवार की दोपहर सांदीपनि स्कूल चिरईडोंगरी पहुंचे। यहाँ राज्यपाल श्री पटेल ने अलग अंदाज में बच्चों की पाठशाला लगाई। राज्यपाल श्री पटेल को अपने विद्यालय की कक्षा में पाकर छात्र-छात्राओं को अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने बच्चों से आत्मीय चर्चा करते हुए उनके नाम, माता-पिता का नाम पूछकर परिचय प्राप्त किया। इसके बाद पाठशाला की तरह सामान्य ज्ञान के प्रश्न कर खुली चर्चा की। उन्होंने बच्चों से क्विज की तरह सवाल करते हुए पूछा कि देश के प्रधानमंत्री कौन है ? भारत की राष्ट्रपति का क्या नाम है ? देश के प्रथम राष्ट्रपति का नाम बतायें ? बच्चों ने उत्साह के साथ उनकी पाठशाला के दौरान प्रश्नों के सही उत्तर दिए।

राज्यपाल श्री पटेल ने इससे पहले निर्माणाधीन सांदीपनि स्कूल भवन का निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों एवं स्कूल के स्टॉफ ने यहाँ उनका स्वागत करते हुए मैप के जरिये भवन निर्माण की जानकारी से उन्हें विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी प्रभात साहू, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी सांदीपनि स्कूल स्टॉफ व स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

**प्रवास** | **पीएम जनमन योजना जनजातीय समुदाय के जीवन में ला रही बदलाव-राज्यपाल श्री पटेल।**

# बैगा एवं भारिया समुदाय के लोगों से किया संवाद

*** ग्राम अमाही में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनाएं जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष रूप से है। जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों को आगे लाने के लिए सभी समन्वित प्रयास केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा पीएम जनमन योजना की शुरूआत की गई जिसमें 24 हजार करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान है। यह बात राज्यपाल श्री पटेल ने मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड के ग्राम अमाही में आयोजित पीएम जनमन योजना अंतर्गत लाभान्वित बैगा एवं भारिया समुदाय के साथ संवाद कार्यक्रम में कही।

राज्यपाल श्री पटेल ने जय जोहार के साथ अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किए जाने का काम देश एवं प्रदेश में एकसाथ किया जा रहा है। इसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जसमें सड़क, बिजली, पानी, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र शामिल हैं। इस योजना का लाभ मिलने से जनजातीय लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमार व्यक्ति के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार ने उठाई है। महिलाओं को खाना बनाने के दौरान धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला गैस योजना की शुरूआत की गई है। राज्य सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लाड़ली बहना योजना से उनके जीवन में बदलाव देखने को मिला है। स्व-सहायता समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उनके चेहरे की मुस्कान से यह सिद्ध हो रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। सरकार ने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का बीड़ा उठाया है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने यहां मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया है कि विवाह के पहले लड़के-लड़कियों को अपने सिकल सेल जेनेटिक कार्ड्स का मिलान अवश्य कराना चाहिए। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति का चिन्हांकन एवं त्वरित रोग उपचार ही इस बीमारी से बचा सकता है। जितनी जल्दी इस रोग का पता चलेगा, इसे नियंत्रित करने की संभावना उतनी होगी। जनजातीय क्षेत्रों में यह बीमारी प्रायः देखी जा रही है। अतः आप आंगनवाड़ी केन्द्र एवं अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सेल एनीमिया की जांच करवाएं। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए सभी की सक्रिय सामूहिक भागीदारी जरूरी है।



मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज हमारे लिए सौभाग्य का दिन है राज्यपाल मंडला जिले में आए हैं। उन्होंने हमारे जनजातीय भाई-बहनों को उनके नवनिर्मित घर में गृहप्रवेश कराया है। सरकार सिकल सेल एनीमिया की बीमारी को गंभीरता से समझकर उसके उन्मूलन के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## सेल्समैन खा गया राशन, कन्हारीकला का है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

वर्तमान समय में भ्रष्टाचार चरम पर है, गरीब हितग्राहियों का हक मारना जैसे एक चलन बन चुका है। हितग्राहियों के अधिकार की सुरक्षा के लिए शासन रोज नए-नए नियम बनाता है, हितग्राहियों के हितों की रक्षा करने के लिए शासन नए नए उपकरण नई नई तकनीक का प्रयोग करती हैं जैसे-उचित मूल्य राशन दुकानों में बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से फिंगर प्रिंट लेकर हितग्राहियों को राशन वितरण करना। उचित मूल्य दुकान से राशन वितरण के लिए यह प्रक्रिया शासन ने इस कारण अपनाई थी क्योंकि वह हितग्राहियों को उचित मात्रा में राशन मिल सके राशन की कालाबाजारी न हो सके। लेकिन भ्रष्ट लोग इसमें भी भ्रष्टाचार की नई नई तकनीक खोज कर ले आते है। ठीक ऐसा ही एक मामला सामने आया है कन्हारीकला से, यहां की उचित मूल्य राशन दुकान पर सेल्समैन देवलाल धुर्वे कार्यरत है। ग्राम पंचायत कन्हारीकला पोषक ग्राम झुलुप सुरेहला कन्हारी खुर्द के ग्रामवासियों को इसी दुकान से राशन वितरित किया जाता है। लेकिन यहां के सेल्समैन का कारनामा देखिए कि गांव के हितग्राहियों से उनके घर जा जा कर जून माह में अंगूठा लगवा लिया गया और आज तक राशन नहीं दिया गया। राशन वितरण न होने के चलते ग्रामवासियों को बहुत समस्या हो रही है। राशन वितरण न होने के कारण परेशान ग्रामीणों ने 19 अगस्त दिन मंगलवार को जन सुनवाई के दौरान इस संबंध में उचित कार्यवाही हेतु अपनी लिखित शिकायत एस. डी. एम. महोदया के समक्ष प्रस्तुत की है।



### इनका कहना है:-

*ग्राम कन्हारीकला के ग्रामीणों ने एसडीएम को अपनी लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। यदि शिकायत पर उचित निराकरण नहीं होता है तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ग्रामवासियों के साथ धरना प्रदर्शन करने हेतु बाध्य है।*

***प्रदीप गोस्वामी, अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया***

# प्रभावशालियों के वाहनों ने सड़कों पर किया कब्जा, दादा धूनी की नगर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था






हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रहती है। वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की भरमार से नगर के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित होना आम बात बन चुकी है। प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश स्तरीय माने जाने वाले मार्ग क्रमांक 44 जो गाडरवारा से झिकोली होते हुये प्रदेश की राजधानी के ओर जाता है। इस मार्ग पर लगातार बिगड़ रही यातायात के चलते लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर तो होना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से भी नही चूक पा रही है और आये दिन घटित होने वाली दुर्घटनाये इस बात को प्रमाण उजागर करने से नही चूक रही है। यदि गौर किया जावे तो इस समय दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि सांईखेड़ा के अंदर से निकल रहे भारी भरकम वाहन जहां खुलेआम आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने के साथ साथ ग्राम के लोगों को परेशानी का कारण बने हुये है। बताया जाता है कि प्रदेश स्तर के माने जाने वाला यह मार्ग नगर के अंदर से निकला हुआ है, जिसके चलते नगर के अनेक प्रभाव शाली लोगों के बड़े बडे वाहन मुख्य सड़क किनारे खड़े रहने की स्थिति में नगर के अंदर आये दिन जाम की स्थिति पैदा होने के कारण जहां लोगों को अपने वाहन निकलने में घंटों लग जाते है। इस स्थिति में यदि कोई इस जाम में मरीज फस जावे तो उसका भगवान ही मालिक होता है। इतना ही नही जब यहां पर



साप्ताहिक बाजार का दिन होता है उस दिन की स्थिति और भयानक रूप लेने से नही चूकती है। इस सच्चाई को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी तो प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसके चलते आये दिन स्थिति में सुधार होने की जगह बिगड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर सड़क किनारे खड़े होने वाली वाहनों की सच्चाई को लेकर भी पुलिस द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम समीस्थ ग्राम में देखने मिल रही है। ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राष्ट्रीय स्तर का सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिनि वाहनों को दवाब होने से दिन भर इस मार्ग पर बेखौप दौडते वाहनो से पूर्व में अनेक छोटी बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसके चलते लोगों द्वारा जहां अपने घरों के सामने वाहन खड़े कर दिये जाते है या फिर निर्माण सामग्री ही सड़क किनारे रख दी जाती है। इस स्थिति के चलते ग्राम के अंदर आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। हैरत इस बात की है कि इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणमा है कि सड़क किनारे वाहना खड़े करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते हुये दिखाई दे रहे है। इस प्रकार प्रदेश स्तर के माने जाने वाले इस मार्ग पर सांईखेडा तथा ग्राम कौडिया के अंदर संचालित होने वाले चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। वही रही सही बाकी कसर आटो अन्य वाहन वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है? इस तरह दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेडा तथा ग्राम कौडिया के बीचों बीच से निकले इन मुख्य मार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी। मगर इस ओर अभी तक किसी भी प्रकार से ध्यान नही देना निश्चित ही लगता है कि शायद प्रशासन से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा सांईखेड़ा व ग्राम कौडिया में किसी बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा है? इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिया जहां चिंता जनक बना हुआ है तो दूसरी ओर सबाल यह पैदा हो रहा है कि प्रशासन की उदासीनता के चलते यदि यहां पर कोई घटना घटित होती है जो इसका जिम्मेदार कौन माना जावेगा..?

## खबर संक्षेप

### दो बेटियों की सफलता ने किया सांईखेड़ा का नाम रोशन




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब कोई क्षेत्र का व्यक्ति बड़ी सफलता हासिल करता है तो उससे उसके परिवार के साथ साथ क्षेत्र का नाम रोशन होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के चैतन्य स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्राओं की सफलता ने अपनी संस्था के साथ साथ संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया गया है। वैसे भी देखा जावे तो दादा धूनी नगरी अपनी पहचान को लेकर दादाजी के आर्शीवाद के चलते मोहताज नही है। मगर दादाजी के आर्शीवाद के चलते जब यहां पर निवास करने वाले लोगों द्वारा बड़ी सफलता हासिल की जाती है तो क्षेत्र की प्रसिद्वी में चार चांद लगने से नही चूकते है। बताया जाता है कि नगर के इंग्लिश मीडिया से संचालित होने वाले चैतन्य स्कूल से अध्ययन करते हुये निकली वाली छात्रा कुमारी पलक पिता केवल प्रसाद बोहरे निवासी सिरसिरी व कुमारी खुशी पिता ललित कौरव निवासी सांईखेड़ा द्वारा नीट परीक्षा की वरियता सूची में अपना स्थान निर्धारित करने में सफलता प्राप्त करने के बाद अब कुमारी पलक बोहरे का हमीदिया मेडीकल कालेज भोपाल तो कुमारी खुशी कौरव का दतिया मेडीकल काल में चयन होने से संपूर्ण क्षेत्र में खुशी का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि इन छात्राओं की सफलता पर चैतन्य स्कूल के संचालक सुनील तिवारी जिस तरह छात्राओं को अतिरिक्त समय देते हुये उनके अध्ययन कार्य में मार्ग दर्शन प्रदान किया गया था उसका परिणाम है कि आज इन छात्राओं ने अपनी संस्था के साथ साथ क्षेत्र का नाम रोशन करने में बडी सफलता हासिल की गई है।

### निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़नें से टूट रहे आशियाने बनाने के सपने, स्टील के भाव बिक रहा लोहा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** कोई भी सरकार लाख दावा करें किन्तु हकीकत यह है कि वर्तमान में भीषण महॅगाई की रोकथाम न होने की हालत में आम आदमी की कमर इतनी अधिक तोड़ दी है कि वह आह भरने में भी असमर्थ हो गया। परिवारजनों की आवश्यकताएँ पूरी करने में तो लोगों की सांसें ऊपर नीचे हो रही है, इसके अलावा मध्यवर्गी, गरीब व्यक्तियों के लिए छोटे से आशियाने का निर्माण करना इसलिए मुश्किल हो रहा है क्योंकि मकानों की निर्माण सामग्री के दाम दिनोंदिन बढ़ते चले जा रहे है। आशियाने के सपनें को पूरा करने में असफल शहर के बाशिन्दो ने हरिभूमि को बताया कि मकान बनाना बुरे ख्वाब के समान हो गया है? क्योंकि सीमेन्ट, रेत, मिट्टी की कीमतें सोने के समान तेजी से बढ़ रही है, लोहे के दाम काफी हद तक महगांई में झूल रहे है, पीली मिट्टी के दाम बढ़नें से भी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में इन दिनो सबसे तेज दौड़ सीमेन्ट लगा रहा है, एक बोरी सीमेन्ट जहां पिछले वर्ष 250 रू. से 300 रू. बोरी तक बिक रहा था। वह अब 300 रू. से 450 रूपया में बिक रहा है। इसी तरह ईट का भी हाल है। क्षेत्र में र्इंट के भट्टो की संख्या बढ़नें के बावजूद आलम यह है कि 1500 ईट चार से पांच हजार रूपए से ऊपर में मिल रही है। जिसके चलते माध्यमवर्गीय लोगों का कहना है कि अपने आशियाने के सपने पर ग्रहण लगने से खासतौर से शहर के वे गरीब दिक्कत में आ गए है, जिनके पास या तो स्वयं के घर नही अथवा जिनके वर्षो पुराने कच्चे मकान ध्वस्त होते चले जा रहे है। यह बात अलग है कि कहने को तो सरकार द्वारा लोगों को पक्के मकान बनाकर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रदान किये जा रहे है, मगर यह योजना ग्रामीण क्षेंत्रों में पूर्णरूप से भाई भतीजावाद की शिकार होकर रहे गई है जिसके चलते अनेक पात्र हितग्राही इस योजना से बंचित होते हुए दिखाई दे रही है, वही दूसरी ओर इस प्रकार से निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ने से उद्धेलित लोंगो का कहना है कि परिवहन का चार्ज बढ़ने से इमारती लकड़ी से लेकर मकानो की निर्माण सामग्री की कीमतें आसमान छू रही है, ऐसी स्थिति में जाहिर है मजदूरों के रेट में भी वृद्धि हो रही है, निर्माण सामग्री महंगी होने से व्यापारी, ठेकेदार और रेत के कारोबार से जुड़े काथित रहनुमा तो मजे कर रहे है पर आवासहीनो का खुद के घर का अरमान चूर चूर होता चला जा रहा है।



## जन शिक्षा केंद्र बारहाबड़ा में आयोजित की गई शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज/ बारहाबड़ा।** चीचली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले जन शिक्षा केंद्र बारहाबड़ा में बीते हुये दिवस जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक माध्यमिक शाला प्रभारियो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बताया जाता है कि बैठक बीएससी अरुण दुबे द्वारा आहूत की गई जिसमें जन शिक्षा केंद्र के सभी शाला प्रभारी उपस्थित रहे। वही बैठक में संकुल प्राचार्य नीलेश जैन द्वारा विद्यालय में 19 अगस्त से 28 अगस्त तक होने वाले संकुल अंतर्गत आधार कार्ड शिविर के संबंध में जानकारी दी गई। वही बच्चों को उपस्थित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बीएसी दुबे द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों के युडीआईडी कार्ड बनाने हेतु प्रपत्रवार जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने शत प्रतिशत मैपिंग प्रोफाइल, पुस्तक वितरण ऐप पर पुस्तक प्राप्ति दर्ज किया जाना, शालाओं का विधिवत संचालन, बैगलेस डे की गतिविधियों के आलवा एक पेड़ मां के नाम रोपने सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। वही इस दौरान 23 अगस्त को होने वाले शैक्षिक संवाद के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गये। इस बैठक में साक्षरता सह समन्वयक वीरेंद्र रघुवंशी द्वारा आगामी साक्षरता परीक्षा एवं सर्वे के संबंध में चर्चा की गई।

## शिक्षा को व्यवसाय नहीं सहयोग की जरूरत है, नगर के दो भाइयों ने मिलकर साकार करने का किया प्रयास




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जहां एक ओर शिक्षा पूर्णरूप से व्यवसाय को रूप धारण करते हुये देखी जा रही है और इस हाल में अपने मां बाप का सपना बिना किसी शासकीय सहायता व अन्य सहायता प्राप्त किए बगैर बच्चों को मुश्किल होते हुये जान पड़ रहा है। मगर बच्चों के इस सपने को पूरा करने का प्रयास नगर के दो भाईयों द्वारा कियो जा रहा है। बताया जाता हे कि नगर में संचालित भारत डिजिटल एकेडमी प्रांगण में बीते हुये स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा मौजूद रहे। वही अन्य अतिथियों के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष राव संदीप तथा वार्ड पार्षद श्रीमति पूजा तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस दौरान उन्होने बच्चों से संवाद किया गया। वही संस्था के संचालक पं हर्षित वैध्य व ऋतिक वैध्य को क्षेत्र के बच्चों को न्यूनतम शुल्क में रोजगार परक शिक्षा एवं कंप्यूटर उपलब्ध कराने के लिए साधुवाद देते हुये कहा कि आपके इन प्रयासों से निश्चित ही निम्न वर्ग के बच्चों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में हर्षित और रितिक द्वारा बताया कि भारत डिजिटल अकैडमी को जो उद्देश्य है वह आर्थिक स्थिति से कमजोर व दूर दराज गांव से आने वाले छात्रों को शिक्षित करना है। क्योंकि बच्चे आर्थिक कमजोर होने के कारण महंगे कोर्स लेने में सक्षम नहीं होते हैं। उन बच्चों को भारत डिजिटल अकैडमी कम से कम फीस में करवाती है व साथ ही साथ एक कंप्यूटर अपनी तरफ से बच्चे के घर लगाकर देती है। जिससे बच्चें अपने घर बैठकर प्रैक्टिस कर अपनी कौशल को विकसित कर जीवन में आगे बढ़ सके। इस संबंध में एकाडमी के संचालक का कहना है कि दूर दराज के बच्चों को आन लाईन शिक्षा से जोडकर लाभ देना है।

## पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण बैक उपभोक्ताओं की जान खतरे में?



हरिभूमि न्यूज/कौडिया।

आये दिन बैको द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जाती है उनका लाभ किस स्थिति में उनको मिल पाता है यह बात किसी से छिपी नही है? यदि बैक की व्यवस्थाओं पर गौर किया जावे तो किसी भी उपभोक्ता का कार्य बगैर दलाल के माध्यम से हो पाना संभव होता हुआ नही देखा जाता है? जिसके चलते आये दिन क्षेत्र के लोगों को बैक के चक्कर लगाते हुए आसानी से देखा जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि शासन द्वारा बैकों के माध्यम से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जब तक किसानों तक पहुंचती है तब तक या तो योजनाएं बंद हो जाती है या फिर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेती है। इतना ही नही यदि क्षेत्र के लोगों को बैक संबंधी में योजना का लाभ लेने का मौका मिल भी जाता है तो बैकों में बैठे अधिकारियों द्वारा उनसे सीधे मुंह बाते नही करते है जिसके चलते मजबूरी बस क्षेत्र के लोगों को बैकों द्वारा नियुक्त किये गये तथा कथित दलालों के पास पहुंचने मजबूर हो जाता है जिसके चलते बैकों द्वारा इन दलालों से फिक्स किये गये अपने प्रतिशत के बाद ही किसान इस प्रकार से सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का लाभ लेते हुए देखे जा रहे ह? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि बैकों द्वारा अपने ग्राहको को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान नही किये जाने के कारण या तो ग्राहक रोड पर खड़े होकर बैकों में अपनी कार्य पूर्ण करने का इंतजार करते रहते है? जिसके कारण उनकी जान को पूर्णरूप से खतरा जान पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय कौड़यिा इलाहाबाद बैक में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि यह बैक कौड़यिा में उस जगह पर स्थित है जहां पर राज्यीय राज मार्ग निकला होने के कारण जब बैक के सामने अपने उपभोक्ताओं की भीड़ लग जाती है तो पूर्णरूप से यातायात प्रभावित होने लगता है, आये दिन देखा जाता है कि बैक द्वारा अपने ग्राहकों के वाहनों का खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही किये जाने के कारण बैक पहुंचने वाले उपभोक्ताओं द्वारा अपने वाहन मुख्य रोड के किनारे खड़े कर देते है जिसके चलते यातायात व्यवस्था बांधित तो होती ही है साथ ही साथ बैक उपभोक्ताओं की जान को भी खतरा बन जाता है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए बैक द्वारा अपने उपभोक्ताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नही की गई तो निश्चित तौर से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है।

## भगवान भरोसे चल रहा सांईखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र डॉक्टरों की पूर्ति हेतु नहीं उठाये जा रहे कोई कदम

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।




जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अनेक अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुये आमजन को सुविधाएं प्रदान करते हुए लोगों का भला किया जा रहा है। मगर अब सबाल यह उठता है कि जब स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर ही नही होगे तो फिर क्या इस स्थिति में लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं का लाभ मिल पायेगा..? इस सच्चाई को लेकर न तो योजनाएं चलाने वाले मंत्री ध्यान दे रहे है और और न ही समाजसेवी तथा जनप्र्ीतिनधि जो आये दिन मंचों के माध्यम से तो सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए देखे जाते है, जो वर्तमान में बगैर डाक्टरों के भगवान भरोसे चल रहे स्वास्थ्य केन्द्रों की ओर ध्यान नही दे रहे है33? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा के स्वास्थ्य केन्द्र में देखने मिल रही है। जहां पर अनेक प्रमुख चिकित्सकों के पद खाली होने के चलते मात्र चंद छोटे मोटे डाक्टरों व मात्र कर्मचारियों के भरोसे हुये चलते हुये देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार सांईखेड़ा क्षेत्र में जहां लगभग 40-50 गांव आते है वही दूसरी ओर समीपस्थ रायसेन जिले के उदयपुरा क्षेत्र के लोगों द्वारा भी जरूरत पड़ने पर यहां इलाज कराने के लिए आना पड़ता है जिसके चलते इस स्वास्थ्य केन्द्र में आये दिन मरीजों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी जाती है। मगर इसके बाद भी इस स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों के अनेक पद खाली होने के बाद भी उन पर नियुक्ति नही होने की स्थिति में यहां का स्वास्थ्य केन्द्र मात्र चंद कर्मचारियों के भरोसे चलते हुये देखा जा रहा है? जबकि शासन की योजनाओं पर गौर किया जावे तो सरकार द्वारा महिलाओं के इलाज हेतु अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही है मगर यहां पर महिला डाक्टर के आभाव में शासन की योजनाएं लोगों को मात्र एक सपना ही साबित होते हुए जान पड़ रही है।

### पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी जारी किये गये थें। मगर वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों द्वारा मात्र अखबारों में ईश्हार निकलवाने तक की कार्यवाही करते हुये अपनी खाना पूर्ति करते हुये नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है और इसी का परिणाम है कि शासन का आदेश इस समय लगातार हो रहे

# गोरखपुर में पीलिया के मरीजों में हो रही वृद्धि

## अंचल में मौसमी बीमारियों का कहर वायरल के बाद हो रहा टायफाइड

करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित समूचा अंचल इन दिनों वायरल टायफाइड और डायरिया जैसी बीमारियों की चपेट में हैं।हर वर्ग का व्यक्ति इनमें ग्रसित होकर परेशान हैं खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बुरे हालात हैं

डिंडोरी न्यूज।





सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों से चलकर खांसते हांफते कस्बा के सरकारी अस्पताल में उपचार कराने पहुंचे दर्जनों मरीज इस बात के गवाह हैं कि सरकारी दावों और आंकड़ों के मुताबिक आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में न तो डॉक्टर की सुविधा हैं और न ही उतनी सुविधाएं मौजूद हैं परिणामस्वरुप यहां के नागरिक संसाधनों के अभाव में यातनाएं सहने मजबूर हैं और जिम्मेदार उदासीन सोमवार को दर्जनों ग्रामीणों ने बातचीत में कराहते हुए बताया कि पूरा का पूरा गांव बुखार सर्दी जुकाम और दर्द पीड़ा से त्रस्त हैंएकई घरों में यह स्थिति हैं कि घरेलू कामकाज करने वाला कोई नहीं बचा सभी बीमार पड़े हैं। जो साधन संपन्न हैं वह अपना इलाज बाहर जाकर करा लेते हैं लेकिन गरीब तबका का आर्थिक स्थिति उतना मजबूत नहीं है लिहाजा स्थानीय स्तर पर नीम हकीम झोलाछाप डॉक्टरों से हाई एंटीबायोटिक दवाएं खाकर इलाज कराने मजबूर हैं । उल्लेखनीय हैं कि मौसमी बीमारियों के लक्षण वाले मरीज प्रतिदिन आसपास के गांवों से सरकारी अस्पताल आ रहें हैं प्रायवेट क्लीनिक में भी भीड़ देखा जा रहा हैं। बड़े जहां बुखार और शारीरिक पीड़ा से पीड़ित हैं तो वहीं नौनिहालों को खांसी सर्दी परेशान कर रखा हैं।

सरकारी अस्पताल में भीड़ रू सोमवार को कस्बा के सरकारी अस्पताल में माधोपुर पिंजरहाटोलाए भलखोहा मानिकपुर पाटन रहंगी तथा अनुपपुर जिले की सीमा में बसे दर्जनों गांवों से लोग मौसमी बीमारी की चपेट में आकर अपने उपचार हेतु सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सभी लोगों का जांच उपरांत उपचार किया और उन्हें समझाइश दिया कि अभी जो वायरल संक्रमण सामने आ रहा हैए उसमें व्यक्ति पहले सर्दी जुखामए सिरदर्द और बुखार की शिकायत करता है। यदि डॉक्टर की पर्ची के मुताबिक दवाइयों का इस्तेमाल हेल्दी डाइट का सेवन ठीक ढंग से किया जाता है तो इतने से मरीज को आराम मिलना शुरू हो जाता है।और यदि इलाज में लापरवाही करते हैं तो यह दूसरी बीमारियों की ओर ले जाता हैं।तब मरीज की हालत खराब हो जाती हैं इसलिए सावधानी बरत कर नियमानुसार दवाओं का सेवन करते रहें। गौरतलब हैं कि कस्बा के सरकारी अस्पताल में लगभग पंद्रह पंचायत के हजारों लोग अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ हेतु आश्रित हैं किन्तु उस अनुपात में सुविधाएं नहीं हैं। शौचालय में नियमित साफ सफाई का अभाव के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में पानी भी मुहैया नहीं रहता ऐसे हालात में मरीज के साथ स्वजनों को भी समस्याओं से दो चार होना पड़ता हैं अंततः अंचलवासियों ने शासन प्रशासन से मांग किया हैं कि इस सरकारी अस्पताल में वो सारे संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध हो जो सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तय किया हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हालात खराब हैं .

सीता बाई श्याम भलखोहा ने बताया कि वर्तमान में सिर दर्द एपेट में मरोड़एऔर शरीर में कमजोरी के कारण अस्वस्थ हैं। दलबीर सिंह पंदराम ग्वारी सर्दी जुकामएप्रहलाद ढीमर एछाती और सिर दर्द और पेट में जलन हैंएकलाबाई पंदरामए ग्वारी

हजारी आर्मो ने बताया कि सुबह गांव में ही तीन इंजेक्शन लगवाया कर आया हूं। गांव में हर घर में लोग बीमार पड़े हैं। कोई सदस्य ठीक नहीं है। एक ठीक होता हैं तो दूसरा बीमार हो जाता है। उसके ठीक होते होते फिर कोई स्वजन बीमार हो रहा हैं। लगभग एक माह से ऐसा ही चल रहा है।

ओमवती मरावीए शालिनी मरावीएखिलांशु करचाम पिपरखुट्टाए आदि ने बताया कि उपचार के मामले में आज भी ग्रामीण दूर जाने मजबूर हैं वह लगभग दस किलोमीटर दूर से बीमार बच्चों को लेकर आई है गांव के हालात बेहद खराब है छोटे छोटे बीमारियों के उपचार के लिए भी भटकना हमारा नसीब बन चुका हैं।

वर्तमान मेंए वायरल तो चल ही रहा है लेकिन कहीं कहीं टायफाइडएऔर डायरियाएके लक्षण वाले मरीज आ रहें हैं। जबकि पीलिया के एक दो मरीज प्रतिदिन आ रहें हैं इस अनुसार आंकड़ों में वृध्दि हो रही हैं यघपि मरीजों को उचित उपचार के सलाह दिया जा रहा हैं।

### इनका कहना है

इन्हें पर्याप्त उपचार के बाद सलाह दिया जा रहा हैं कि फिलहाल खानपान में विशेष सावधानी बरतें बाहर का बिल्कुल न खाएं और पानी को उबालकर छानकर पीएं मास्क लगाएं रखें और मच्छरदानी का उपयोग करें। इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति बीमार होता हैं तो सरकारी अस्पताल आकर अपना पूरा उपचार करवाएं।

**अंकित तिवारी मेडिकल आफीसर**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरखपुर।**

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय करंजिया में मनाया गया संस्कृत दिवस

**डिंडोरी न्यूज।** शासकीय महाविद्यालय करंजिया में मंगलवार को कालेज परिसर में स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संस्कृत दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ प्रमोद वास्पे ने सरस्वती वंदना एवं संस्कृत स्तोत्र पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कर अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं यह ज्ञानए विज्ञान और आध्यात्म का अमूल्य भंडार है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत को बोलचाल की भाषा में अपनाने का आह्वान किया ताकि यह प्राचीन भाषा पुनः जन.जन की जुबान बन सके। कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं ने संस्कृत श्लोकए गीत और भाषण प्रस्तुत कर भाषा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। वहींए प्रोण दुर्गा सिंह भावेदी ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रचार.प्रसार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संचालन डॉण केण्पीण बर्रोह ने किया और अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों की खोज है विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता



**डिंडोरी न्यूज।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन;वी वी एमद्ध क्विज प्रतियोगिता विज्ञान भारती की एक पहल है एजिसे एन सी ई आर टीए राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित किया जाता है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के जिला समन्वयक जितेन्द्र दीक्षित ने बतलाया है कि यह क्विज प्रतियोगिता क्लास 6 वी से 11वी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है इसमें सम्पूर्ण भारत वर्ष के सभी बोर्ड में अध्यनरत विद्यार्थी सम्मलित होते हैं। इस वर्ष इस प्रतियोगिता में बहरीनए कुवैत एओमान एकतर संयुक्त अरब अमीरात के विद्यार्थियों के लिए भी आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता तीन चरणों मे होगी प्रथम चरण जिला स्तर द्वितीय चरण राज्य स्तर एवं अंतिम चरण राष्ट्रीय स्तर होगी। राज्य स्तर पर चयनित प्रत्येक कक्षा ;6वी से 11वीद्ध विद्यार्थियों को 5000 नगद पुरस्कार एप्रमाण पत्रएवं राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है। राष्ट्रीय स्तर के प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी को 25000 नगद पुरस्कार एवं एक वर्ष के लिये प्रतिमाह 2000रुपये की भास्कर छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। इसके साथ ही 3 सप्ताह तक देश के प्रतिष्टित वैज्ञानिक संस्थानों इसरो ए डीआरडीओ आई आई टी में एक्सपोजर विजिट का सुअवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता ऑनलाइन 200 रुपये पंजीकरण शुल्क के साथ टटडण वतह पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। विद्यालय स्तर से पंजीकरण कराने पर 170 रुपये शुल्क लगता है। जिला समन्वयक जितेन्द्र दीक्षित ने सभी प्राचार्यो एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया है। वी वी एम में पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 एवं ऑनलाइन परीक्षा 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 हैं ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई में प्राप्त 83 आवेदनों पर हुई सुनवाई






डिंडोरी न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गईए जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय.सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौरए अपर कलेक्टर जेपी यादवए डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिकए डिंडौरी एसडीएम सुश्री भारती मेरावीए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत खरगवारा के पोषक ग्राम कुकर्रा के ग्रामवासियों ने आवेदन प्रस्तुत कर की सरपंच नयनवती सैयाम के पति द्वारा पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप एवं फर्जी बिलों से भुगतान करवाने की शिकायत ग्रामीणों ने की। गांव के अन्य विकास कार्यों की जांच की माँग की। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जरहा नैझर के पोषक ग्राम खैरदा विकासखंड मेंहदवानी के प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक रमे सिंह परस्ते पर मादक पदार्थ का सेवन करके विद्यालय आने और पढ़ाई प्रभावित करने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें हटाकर किसी योग्य शिक्षक की नियुक्ति की माँग की। जिस पर उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

ग्राम पाटन के निवासी बजरू सिंह ने चांदरानी और भद्दा टोला के बीच की जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग कीए आने जाने में समस्या समस्याऐं आ रहीं हैं जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित अधिकारियों को जांच निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदिका श्रीमती बोट बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने की शिकायत की है। कलेक्टर ने तहसीलदार समनापुर को उक्त प्रकरण का जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## कबड्डी फाइनल मैच में रोमांचक रहा मुकाबला

डिंडोरी न्यूज। करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा के पोषक गांव पोंगाटोला में स्वतंत्रता दिवस की पावन अवसर पर ग्राम प्रति वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय समिति के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका फाइनल मुकाबला रविवार देर रात संपन्न हुआ । समिति के लोगों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आसपास व दूरदराज की दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया था आज का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ के कोरबा कुम्हारी और पोंगा टोला के मध्य खेला गया जिसमें कोरबा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। हालांकि दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने मिला क्योंकि पहले हाफ तक अंको में ज्यादा अंतर था लेकिन दूसरे हाफ का खेल प्रारंभ होते ही कोरबा की टीम लगातार अंक अर्जित करने लगी और यही से बढ़त बनाया लेकिन पोंगा टोला की टीम ने अंतिम तक हार नहीं माना संघर्ष करते ही रहें लेकिन रेडर की गल्ती से मैच उनके पाले में चला गया और वो विजेता बने। इनाम वितरण के दौरान मुख्य अतिथि वीरेंद्र तेकाम शिक्षक सुरेश श्याम लोक सिंह पट्टा कबड्डी समिति के अध्यक्ष अमन सिंह धुर्वे उपाध्यक्ष अघान श्याम सचिन बुधराम सरठिया खेल प्रभारी राममिलन मरकाम ने विजेता और उपविजेता टीम को नगद राशि प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में नैन सिंह धुर्वे प्रभु श्याम गणेश धुर्वे अनुराग मरावी कैलाश श्याम गोपाल श्याम केशलाल श्याम पंच पंचम पंद्रम भोग सिंह सैयाम उजियार सिंह धुर्वे दुकालू मरकाम आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहें । जबकि मैच में कॉमेंटेटर देवेंद्र भाषण शिवराम धुर्वे और सत्तन मरावी ने अपना दायित्व बाखूबी निभाया।

## शहपुरा विकासखंड के इंदौरी गांव में कबड्डी का महासंग्राम अनूपपुर ने मारी बाज़ी

शहपुरा न्यूज

खेलों के प्रति उत्साह और गांवों की एकजुटता का नजारा रविवारए 16 अगस्त 2025 को शहपुरा विकासखंड के इंदौरी गांव में देखने को मिलाए जब कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल महोत्सव में डिंडोरी जिले सहित आसपास के कई जिलों की नामी टीमें मैदान में उतरीं और अपने दमखम का प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले इस रोमांचक टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डिंडोरी जिले की फुलवाही टीम और अनूपपुर टीम के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कियाए लेकिन निर्णायक पलों में अनूपपुर की टीम ने बेहतरीन रणनीति और ताकत का परिचय देते हुए फुलवाही को मात दी और खिताब अपने नाम कर लिया।



विजेता टीम अनूपपुर को सम्मान स्वरूप 10ए001 नकद राशि और आकर्षक शील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता बनी फुलवाही की टीम को 5ए001 नकद राशि और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान दर्शकों में ज़बरदस्त उत्साह देखने को मिला। खेल के रोमांचक पलों पर तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंज उठा। आयोजन समिति ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विशेष योगदान दिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

यह आयोजन न केवल ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनाए बल्कि

## संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 10 सूत्री ज्ञापन

**डिंडोरी न्यूज।** डिंडोरी जिले के समस्त संविदा अधिकारी कर्मचारियों ने दिनांक 18 8ण2025 को अपनी 10 सूत्री मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम डिंडोरी भारती मेरावी को ज्ञापन सौंपा है जिसमें यह बताया गया की संविदा नीति 2023 के विभिन्न कंडिकाओं को अभी तक सरकार लागू नहीं कर पाई है इसके अलावा कई ऐसे मुद्दे हैं जिसमें संविदा कर्मचारी ठगा सा महसूस कर रहे हैं अतः अपनी प्रमुख मांगों को लेकर उन्होंने ज्ञापन सौंपा जिसमें से प्रमुख मांगे हैं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के स्थान पर नियमित कर्मचारियों की भांति महंगाई भत्ता ;क्।द्धए इंक्रीमेंट एवं समय मान वेतनमान का लाभ दिया जाए तथा अर्जित अवकाश एवं मेडिकल अवकाश का प्रावधान किया जाए तथा यह अवकाश वर्ष के अंत में व्यापगत न हो संविदा नीति में कंडिका क्रमांक 9ण8ए 6ण2 एवं 11ण5 को विलोपित करने का अनुरोध किया गया है संविदा कर्मचारियों के मांग है की सीधी भर्ती में प्रस्तावित 50ः आरक्षण के साथ ही अनुभव के अंक जोड़ते हुए वरीयता का लाभ दिया जाए साथ ही साथ पात्रता परीक्षा में न्यूनतम कट ऑफ मार्क 33ः निर्धारित किया जावे यदि किसी कारणवस कोई योजना समाप्त की जाती है तो उसके अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों को अन्य योजना में समकक्ष पद पर नियुक्ति देने का प्रावधान किया जावे संविदा नीति में विसंगति पूर्ण समक्षता निर्धारण को नियम अनुसार समकक्षता निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है संविदा कर्मचारियों की मांग है की उनके परिवार के सुरक्षा हेतु कम से कम 20 लाख रुपए का सामूहिक बीमा किया जाए रिक्त होने पर संविदा कर्मचारियों को भी शासकीय आवास आवंटित किए जाने के प्रावधान लागू किया जावे लोक सेवा आयोग के पदों में भी वरिष्ठता के आधार पर संविलियन किए जाने के प्रावधान लागू किए जाने की मांग की गई है संविदा कर्मचारियों के जिला अध्यक्ष के द्वारा बताया गया की संविदा कर्मचारियों के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से अपनी मांग रखी जा रही है यदि समय सीमा में संविदा कर्मचारियों की मांग पूरे नहीं की जाती तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए संविदा कर्मचारी बाध्य होंगे।



## मंडल अध्यक्ष की विशेष उपस्थिति में हुआ स्कूली बच्चों को सायकिल वितरण

**अमरपुर न्यूज ।** अमरपुर जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत कन्या हाई स्कूल में कक्षा नौवीं की छात्राओं को सायकिल वितरित की गई। जिससे सायकिल पाने वाले बच्चियों के चेहरे खिल गए। उपस्थित बच्चों को मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा छात्रए छात्राओं के हित में अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्हीं में से एक यह सायकिल भी आप को दी जा रही हैं। जिससे आप लोग अपने गांव से आसानी से स्कूल तक आ सके एवं समय बचे तो उस बचे हुए समय का सद्धुपयोग आप कर पढ़ाई लिखाई में कर सकें। इस उद्देश्य से यह सायकिल आप को प्रदान की जा रही हैं। मंडल अध्यक्ष ने और अनेक प्रकार की योजनाओं का उल्लेख किया जो विद्यालयों और महाविद्यालय में के छात्रों के लिए चलाई जा रही हैं। जैसे अभी तो सायकिल मिली हैंए आगे लैपटॉप मिलेगा और अच्छे नंबरों से पास होने वाले पात्र छात्रए छात्राओं को अब स्कूटी भी मिल रही हैं। आप बच्चों को सिर्फ मेहनत करना हैं और अधिक से अधिक अंक लाना हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में अमरपुर ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्देए मंडल उपाध्यक्ष माखन साहूए पार्वती बर्मनए मनीष ठाकुरए संस्था प्राचार्य एम पी वियारए शिक्षक रवींद्र धार्वेए प्रमोद पाण्डेयए नंद किशोर सिहौरे आदि अन्य उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

### मुड़की टीम ने जीता खिताबी मुकाबला

अमरपुर न्यूज ।

जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बिलगांव में जिलास्तरीय चार दिवसीय प्रोण कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसमें जिले भर के नामी टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल कौशल का बेहतरीन प्रर्दशन किया गया। आयोजित प्रोण कबड्डी के समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे के अलावा मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेवए महामंत्री रामकुमार बनवासीए रितेश उसराठेए उपाध्यक्ष माखन साहूए कमलेश मरावीए स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंचए झिलमिला सरपंच कीर्तनए अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्देए पूर्व सरपंच खजरी राम सिंह मरावी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। खेल के दौरान ग्राम के समस्त महिला एवं पुरुषों ने उपस्थित होकर प्रोण कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोंडवाना एक्सप्रेस मुडकीए द्वितीय स्थान ग्राम बिलगांव एवं तृतीय स्थान धनवासी टीम ने प्राप्त किया। जिन्हें सभी अतिथियों द्वारा नगद राशि एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने उपस्थित ग्रामीणजनों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के माध्यम से ही एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता हैं। साथ ही शारीरिक विकास से ही खेल के माध्यम से संभव हैं। सरकार भी युवाओं में खेल के लिए ढेर सारी योजनाएं चला रही हैं। जिसे हम युवाओं को जुड़ने की कोशिश करनी होगी। इसके साथ ही विधायक ने अन्य विकास की योजनाओं को जनता के सामने रखा। वहीं पर ग्रामीणों ने विधायक के सामने अपनी परेशानियां बताई गई। जिसे क्षेत्रीय विधायक द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए तत्काल बिलगांव गांव की समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। इस प्रोण कबड्डी प्रतियोगिता के पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला। खेल के रोमांचक पलों पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंजायमान हो उठा। यह आयोजन ना केवल ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम बनाए बल्कि खेल भावना एवं भाईचारे का संदेश लेकर आया।




**कार्यालय जिला पंचायत डिण्डोरी जिला डिण्डोरी (म.प्र.) डिण्डोरी**

जि.प., जला. पट्टा, 2025-26 5801 — **विज्ञापन** — दिनांक 12-8-2025

**मछली पालन एवं मत्स्याखेट हेतु सिंचाई जलाशय आवंटन की विज्ञप्ति विषयक**

मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 अंतर्गत तालाब / सिंचाई जलाशयों में मध्यप्रदेश शासन मछली बालन विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक- 1548/2008/36 भोपाल दिनांक 08/10/2008 द्वारा निर्धारित नीति एवं निर्देश के अनुपालन में 10 वर्षीय पट्टे पर मछली पालन एवं मत्स्याखेट हेतु दनदना जलाशय जलक्षेत्र 111.00 हेक्टे के लिए विज्ञप्ति जारी की जाती है। इस हेतु इच्छुक पात्र समितियों / स्व सहायता समूहों से विज्ञापन प्रसारित दिनांक से 15 दिवस अर्थात दिनांक 19/08/2025 से 04/09/2025 तक कार्यालयीन समय तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

| क्रं | जलाशय का नाम | औसत जलक्षेत्र (हे. मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | दनदना जलाशय | 111.00 हे. |

**पात्रता शर्ते आदि-** 1- पंजीकृत वंशानुगत मछुआरा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग की सहकारी समितियां । कार्यक्षेत्र की पंजीकृत सहकारी समिति न होने की स्थिती में वंशानुगत मछुआरा, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग के स्व सहायता समूह या समूह आवेदन के पान होगें। आवेदनों पर उपरोक्त दर्शित प्राथमिकता क्रम से विचार किया जायेगा । 2- सहकारी समिति का पंजीकृत प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्ताव ठहराव, आडिट रिर्पोट, कार्यक्षेत्र की जानकारी व सदस्यों की सूची संलग्न करना अनिवार्य होगा । 3- स्व सहायता समूह / समूह के सदस्य गरीबी रेखा के अंतर्गत होने चाहिए गरीबी रेखा के प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए। 4- समूह के सर्व सदस्यों की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए । 5- स्व सहायता समूह के आवेदन के साथ पंजीयन, बैंक पासबुक की छायाप्रति समूह के सदस्यों की सूची एवं प्रस्ताव ठहराव आदि विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा। ग्रेडिंग तथा बैंक का कोई बाकी नहीं नो ड्यूज या शपथ पत्र की मूलप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा । 6-आधे-अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

जलाशय आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत डिण्डोरी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कि जा सकती है ।

सूचना पटल में चस्पा हेतु :-

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत डिण्डोरी**

## शिक्षिका की हालत गंभीर, जबलपुर रेफर

# छात्र ने शिक्षिका पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

### आरोपी गिरफ्तार, शिकायत से था नाराज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सोमवार को थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी शिक्षिका पर 18 वर्षीय छात्र ने आग लगा दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस हमले में शिक्षिका करीब 25 प्रतिशत तक झुलस गई हैं और उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया। वही पुलिस में आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली मे मामला दर्ज कर हिरासत मे ले लिया। वही शिक्षिका का उपचार जबलपुर मे जारी है। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत 15 अगस्त के कार्यक्रम के दौरान हुई थी।**



### मामला इस प्रकार

उक्त संबंध मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने बताया कि आरोपी की पहचान सूर्यांश कोचर उम्र 18 वर्ष निवासी कल्याणपुर थाना डोंगरगांव के रूप में हुई है, जो पहले उत्कृष्ट विद्यालय का छात्र था। पुलिस के अनुसार आरोपी और पीडिता एक-दूसरे को जानते थे। घटना की वजह 15 अगस्त के कार्यक्रम से जुड़ी है, जिसमें शिक्षिका ने साड़ी पहनी थी। आरोपी ने इस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसकी शिकायत शिक्षिका ने स्कूल प्रबंधन से की थी। इसी बात से गुस्सा होकर आरोपी ने उक्त घटना को अंजाम दिया गया।

### आरोपी कक्षा बारहवीं का है छात्र

उत्कृष्ट विद्यालय की 26 वर्षीय अतिथि शिक्षिका पर उसी स्कूल के एक पूर्व छात्र ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उक्त संबंध में स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जी एस पटेल द्वारा बताया गया कि आरोपी सूर्यांश कक्षा 9वी तक उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर मे अध्ययनरत था उसकी खराब तबीयत और लगातार आने वाली शिकायतों के कारण उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। प्रिंसिपल ने यह भी बताया कि वह अपनी उम्र से बड़े लोगों के साथ रहता था। वर्तमान में सूर्यांश कल्याणपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं बायोलॉजी संकाय का छात्र है। वहां के प्राचार्य ओ पी कौरव ने बताया कि सूर्यांश कुछ दिन पहले दादा के साथ जयपुर जाने की बात कहकर स्कूल से गया था और उसके बाद से लौटा नहीं था। आरोपी छात्र शिक्षिका के घर बोतल मे पेट्रोल लेकर पहुंचा और पेट्रोल छिड़का और लाइटर से आग लगाकर तुरंत वहां से भाग गया।

### आरोपी छात्र गिरफ्तार

एसडीओपी मनोज गुप्ता ने बताया कि थाना कोतवाली में महिला द्वारा देर रात रिपोर्ट लेख करायी की 15 अगस्त को साडी पहनने की बात पर नाराज होकर आरोपी सूर्यांश उर्फ पार्श्व कोचर पिता वीरेन्द्र कोचर उम्र 18 वर्ष 01 माह निवासी कल्याणपुर थाना डोंगरगांव जिला नरसिंहपुर के द्वारा महिला के घर आकर महिला पर एवं साडी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गयी। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 621/2025 धारा 124(1), 332 (इ) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तत्काल टीम गठित कर आरोपी को डोंगरगांव थाना क्षेत्र के कल्याणपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

---

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने की मटकी फोड़ प्रतियोगिता की आयोजित



**धूमधाम से बनाया कृष्ण जन्मोत्सव, बच्चों को किए पुरस्कार वितरित**

**गोटेगांव**। बीते दिवस बगासपुर रोड सिद्धेश्वर धाम सिद्ध बाबा स्थित कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर निषाद समाज महिला शक्ति मंडल गोटेगांव ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया ! बड़ी संख्या में निषाद समाज महिला शक्ति एकत्रित होकर नन्हे मुन्ने बच्चों को कृष्ण स्वरूप तैयार कर मनमोहक आकर्षक झांकियां बनाकर कृष्ण जन्मोत्सव एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम धूमधाम हर्षोल्लास भक्तिमय माहौल वातावरण में मनाया जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागिता बच्चों को पुरस्कृत कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर निषाद समाज संगठन प्रभारी श्रीमती मोनम कहार ने कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह त्योहार भगवान कृष्ण के जन्म का प्रतीक है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिनिधित्व करता है जिसे लेकर आज हम सभी महिलाओं ने उपस्थित होकर नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी बच्चों को पुरस्कृत कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया इस अवसर पर मीना कहार संध्या कहार शालिनी कहार सुमंत्री रैकवार यशोदा रैकवार आरती कहार रोशनी रैकवार रेखा कहार मंजू कहार खुशबू कहार ममता कहार सुभद्रा बाई दुर्गा कहार एवं पुरुष वर्ग गोविंद कहार नरेंद्र कहार रवि रैकवार संजय कहार इमारत कहार अंश कहार तरुण कहार अरुण कहार सहित अन्य सामाजिक स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहने के साथ-साथ नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही !

### यूरिया को लेकर किसानों में मची हाहाकार

**तेंदूखेड़ा**। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में यूरिया खाद को लेकर हा हा कार मची हुई है और मुनाफाखोर समय की नजाकत देखते हुए किसानों से मनमाने दामों पर खुले आम यूरिया बेंच रहें हैं। किसानों की पीड़ा को देखते हुए समाचार पत्रों के माध्यम से प्रशासन को भी इस विषय को लेकर आगाह भी किया गया है। लेकिन व्यापारियों के हाथ लंबें होने के कारण उचित कार्यवाही भी नहीं हो पाती है।ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा के एक व्यापारी की गोदाम में लगभग 265 बोरी यूरिया खाद पकड़ा गया। यह विषय जनप्रतिनिधियों के सामने भी पहुंचा।मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। लेकिन निर्णय यह लिया गया कि यह खाद्य किसानों को ही निर्धारित दर पर ही सार्वजनिक रूप से वितरित किया जाये। चूंकि किसानों को अभी नितांत आवश्यकता है। इसलिए यह निर्णय लिया जा रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने मांग की है कि ऐसे व्यापारियों पर तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्यवाही की जाये लाइसेंस भी रद्द किया जाए। चूंकि यह एक ही व्यापारी नहीं है और भी ऐसे अनेक व्यापारी हैं जो समय की नजाकत को देखते हुए किसानों का शोषण किया करते हैं।

## मनरेगा अभियंता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। मंगलवार को मनरेगा अभियंता संघ ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांगों के निराकरण की मांग रखी। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मनरेगा उपयंत्री विगत कई वर्षों से विभिन्न संगठन के बैनर में अपनी मांगो को लेकर शासन को अवगत कराता रहा है। किन्तु मांगों की पूर्ति न होकर मनरेगा उपयंत्री निरंतर शोषण का शिकार होता जा रहा है। मनरेगा उपयंत्रियों की मांगों का निराकरण किया जाए। मांगों के निराकरण होने तक मनरेगा उपयंत्रियों को अवकाश प्रदान किये किया जाए। मांगों में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधि से समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य करने एवं तदनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि भी मिलने के आदेश तत्काल जारी , मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के आदेश तत्काल जारी हो,मनरेगा उपयंत्रियों को किसी भी प्रकरण में पद से पृथक किये जाने के स्थान पर निलंबित किए जाने का आदेश तत्काल जारी हो, जिला या प्रदेश स्तर पर आर.ई. एस. एवं मनरेगा के उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची अनुसार सहायक यंत्री के प्रभार दिए जाने के आदेश जारी हो अधिकांश जिलों में आर. ई. एस. के जूनियर उपयंत्रियों को सहायक यंत्री का प्रभार मिला हुआ है), नियमित कर्मचारियों की भांति मनरेगा उपयंत्री हेतु (ग्रेजुएटी) भुगतान के आदेश तत्काल जारी हो एवं 1 अगस्त 2023 के बाद मृत या सेवानिवृत हुए उपयंत्रियों को भी इसका लाभ देने के आदेश हो , संविदा सेवा का नवीनीकरण एक वर्ष नहीं 5 वर्ष की सी.आर. के आधार पर हो ताकि वित्तीय वर्ष के आखिरी में उपयंत्रियों का शोषण ना हो, मनरेगा उपयंत्रियों से केवल और केवल तकनीकी कार्य ही कराये जाये। एवं चूँकि मनरेगा माँग आधारित योजना है, इसे लक्ष्य आधारित योजना बनाकर उपयंत्रियों का शोषण बंद किया जाये, मनरेगा के उपयंत्रियों का भी अपना परिवार होता है जिसका पोषण उसकी जिम्मेदारी होती है। अतः माह की प्रथम तारीख को वेतन मिल जाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

## परिवहन विभाग की टीम द्वारा वाहनों की गई जांच, 4 वाहन जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा मंगलवार को एनएच 44 पर 18 यात्री बसें एवं छोटे स्कूली वाहनों को चैक किया गया। चैकिंग के दौरान बस फिटनेस, परमिट एवं बीमा नहीं मिलने पर 4 वाहनों को जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि चैकिंग के दौरान बस क्रमांक एमपी 20 डीए 1023 में फिटनेस व बीमा, वाहन क्रमांक एमपी 04 पीए 3129 बिना परमिट, एमपी 66 टी 2180 बिना फिटनेस, परमिट व बीमा और एमपी 34 टी 0429 बिना फिटनेस एवं परमिट के प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर इन वाहनों को परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में खड़ा किया गया है। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों और यात्री वाहन संचालकों से कहा है कि वे अपने सभी वाहनों के उचित रखरखाव एवं नियमानुसार सभी दस्तावेज की पूर्ति कर लें। यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## माटी गणेश- सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। मिट्टी गणेश- सिद्ध गणेश निर्माण विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला के सभागृह करेली बस्ती में किया गया। विकासखंड करेली के नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, मेंटर्स तथा नवांकुर सखियों के साथ- साथ प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि एवं माटी कला से जुड़े कलाकारों ने सहभागिता कर मिट्टी गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया गया। आने वाली गणेश चतुर्थी में पर्यावरण अनुकूल एवं प्रदूषण मुक्त गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इसके अंतर्गत 10 लाख मिट्टी गणेश- सिद्ध गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया जाएगा। इसी श्रृंखला में यह विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने अपनी सहभागिता दी।

## मोबाइल बैटरी से भरे ट्रक में लगी आग

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। मंगलवार को सागर-नागपुर नेशनल हाईवे 44 पर एक हादसा हुआ। दादा महाराज के पास मोबाइल बैटरियों से भरा एक ट्रक अचानक आग की चपेट में आ गया। ट्रक में रखी मोबाइल की स्क्रैप बैटरियों में अचानक आग लग गई। ट्रक से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। हाईवे पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रक ड्राइवर और हेल्पर ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहपुर से फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्टेशनगंज थाना प्रभारी रत्नाकर हिग्वे ने बताया कि नगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। ट्रक को सड़क किनारे लगाया गया है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।



## सांदीपनि विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण हेतु बेंगलुरु रवाना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस सांदीपनि विद्यालय की 15 छात्राएं एवं मार्गदर्शी शिक्षिका श्रीमती विनीता सराठे पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु बेंगलुरु के लिए रवाना हुईं। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रभात मिश्रा ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण दिनांक 18 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान छात्राएं भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईटी), बेंगलुरु का दौरा करेंगी, जो देश का प्रमुख अनुसंधान विश्वविद्यालय है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि यह वही संस्थान है जहाँ नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन एवं डॉ. वेंकटरमन रामकृष्णन ने अपने शोध कार्य किए थे। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को वैज्ञानिक अनुसंधान की वास्तविक प्रक्रियाओं से अवगत कराना और उन्हें विज्ञान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित करना है। विद्यालय परिवार ने छात्राओं को सफल और ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## विश्व मानवता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को विश्व मानवता दिवस का आयोजन किया गया। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, धर्मेंद्र चंदेल एवं आनंदम सहयोगी आरती चौकसे की सहभागिता रही। संस्थान के प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में मानवता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "मानवता ही वह आधार है, जो समाज को एकता और करुणा के सूत्र में बांधती है। भोलानाथ पांडे उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री वर्मा एवं राज्य आनंद संस्थान संस्थान की ओर से प्रतिनिधियों ने भी विचार साझा किए और मानवता दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मानवता विषय पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। रंगों और रेखाओं के माध्यम से बच्चों ने करुणा, सहयोग और सद्भावना का सुंदर संदेश दिया। जिसमें सुरभि पांडे ने प्रथम, अमन कुमार ठाकुर ने द्वितीय एवं परी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




## दो दिवसीय पेंशन शिविर का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार दो दिवसीय विशेष पेंशन शिविर का शुभारंभ मंगलवार 19 अगस्त को किया गया। यह पेंशन शिविर जिला पेंशन कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। जिला पेंशन अधिकारी नरसिंहपुर ने जिले के सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे इस शिविर में अपने विभाग के लंबित पेंशन प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती उषा बक्सला, प्रांतीय अध्यक्ष मप्र पेंशनर समाज एसके चतुर्वेदी, जिला सचिव विजय दुबे और कार्यालय के अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

## जनसुनवाई में आये 95 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 95 आवेदन आये।



## जहरीली वस्तु के सेवन युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक पिता भगवानदास पाल उम्र 19 वर्ष निवासी बारहबड़ा थाना गाडरवारा द्वारा अपने खेत मे अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## चातुर्मास श्रीमद् देवी भागवत कथा के छठवें अध्याय का दिव्यरहस्योद्घाटन



**गोटेगांव**। स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास व्रत पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ चल रहा है। प्रतिदिन महाराजश्री द्वारा प्रवचनमाला आयोजित की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाभ ले रहे हैं। इस समय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा हो रही है। कथा में दसवें स्कंध के छठवें अध्याय का प्रसंग आया। कथा में व्यासजी से प्रश्न हुआ कि ‹राजा नहुष को सर्प योनि क्यों मिली और देवराज इंद्र को अपना पद क्यों छोड़ना पड़ा इस प्रश्न का उत्तर देते हुए व्यासजी ने कहा राजा नहुष तप, बल और सामर्थ्य से इंद्र पद को प्राप्त कर लेते हैं, किंतु अहंकारवश वे देवताओं के ऋषियों को भी अपमानित करने लगते हैं। एक बार उन्होंने महर्षि अगस्त्य को अपने पालकी के वाहक बनने का आदेश दिया। चलते समय अगस्त्य मुनि की गति धीमी हुई तो नहुष ने उन्हें लात मार दी। यह मुनियों का अपमान था, अतः महर्षि ने नहुष को शाप दे दिया कि वे सर्प योनि में गिरेंगे। वहीं देवराज इंद्र को ब्रह्महत्या का पाप लगने के कारण अपना पद छोड़ना पड़ा। वृत्रासुर वध के बाद वे पापबद्ध हो गए और देवत्व की गरिमा धूमिल हो गई। परिणामस्वरूप उन्हें गुप्तवास करना पड़ा और इंद्रासन रिक्त हो गया। महाराजश्री ने कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है अहंकार चाहे कितना भी बड़ा राजा या देव क्यों न हो, पतन का कारण बनता है i धर्म और मर्यादा से विमुख होकर किया गया कर्म अंततः दुख और पतन लाता है।इसी क्रम में पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने भक्तों को समझाते हुए कहा कि कर्म, अकर्म और विकर्म यही जीवन केवास्तविक व्याधि हैं।कर्मक्षय से जन्म का नाश हो जाता है।यदि ब्रह्म की प्राप्ति करनी है तो मन को वश में करना आवश्यक है। यह मन नर के शरीर से शिखा तक व्याप्त है और हृदय में प्रतिष्ठित होता है। देह का तो बुढ़ापा आता है, परंतु मन का बुढ़ापा नहीं आता। जिसमें विष्णु का अंत है वही राजा बनता है, इसलिए राजा को विष्णु का स्वरूप माना जाता है। हर प्राणी अपने कर्मों का बंधन लेकर चलता है। सुख-दुख का भोग इसी जीवन में करना पड़ता है। धर्म ही वास्तविक सुख का मूल है। पूर्व जन्म के कर्मों को भोगना ही पड़ता है, उनसे कोई बच नहीं सकता। महाराजश्री ने कहा कि कथा का यह संदेश है कि अहंकार और अधर्म से पतन होता है जबकि धर्म और मन पर नियंत्रण से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रद्धालुओं ने कथा के गहन उपदेशों को सुनकर भाव-विभोर होकर जय देवी भागवत और हर हर महादेव‍ के उद्घोष किए।

## यूरिया खाद पाने के लिए किसान कर रहा जद्दोजहद

**गोटेगांव**। विगतदिवस क्षेत्र के किसानों को इन दिनों यूरिया खाद लेने के लिए भारी जद्दोजहद के साथ-साथ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि किसानों को सबसे पहले अपने आधार कार्ड वही की कॉपी जमा करने की लाइन, उसके बाद टोकन प्राप्त करने की लाइन और फिर यूरिया वितरण की लाइन में घंटों खड़ा रहना पड़ता है। इतने झंझटों के बाद भी उन्हें जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध हो रहा और वह भी जो आवश्यकता है उतना नहीं मिल पा रहा है। सांकल घाट निवासी किसान गोपाल पटेल ने बताया कि मेरे पास 14 एकड़ जमीन है, लेकिन सिर्फ दो बोरी यूरिया मिला। इतनी कम मात्रा से फसल की सिंचाई और पैदावार कैसे होगी? इसी तरह किसान रामलाल बर्मन ने कहा कि मेरी बीस एकड़ जमीन है, मगर मात्र तीन बोरी यूरिया दिया गया। क्या इतनी कम खाद से खेती हो पाएगी? मजबूरी में हमें बाजार से ऊंचे दामों पर खाद लेना पड़ता है। किसानों का यह भी कहना है कि गोटेगांव




ब्लॉक में ब्लैक मार्केटिंग खुलेआम हो रही है। ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाने किसानों की मांग किसान शंकर यादव ने आरोप लगाया कि व्यापारी खुलेआम 350 से 400 बोरी 9यूरिया जमा किए बैठे हैं और 400 से 500 रुपये तक महंगा बेच रहे हैं। जब सरकारी वितरण में यूरिया की कमी है, तो उनके पास इतना स्टॉक कहां से आ रहा है? यह जांच का विषय है। किसानों ने प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और ब्लैक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि जरूरतमंद किसानों को समय पर पर्याप्त यूरिया मिल सके।